Title: Need to include Patna district under `National Food for Work Programme'.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, पटना जिला बिहार के पिछड़े जिलों में से एक है। यहाँ दलितों की आबादी करीब 20 प्रतिशत है। अभी केंद्र सरकार की प्रायोजित योजना "काम के बदले अनाज कार्यक्रम" बिहार के मात्र 15 जिलों में प्रारम्भ किया गया है। यह जिला उग्रवाद से प्रभावित है। पटना जिले को भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित करने की अत्यंत आवश्यकता है। इससे जिले में विकास की गति बढ़ेगी। दलितों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मजदूरों का पलायन भी रूकेगा।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ और आग्रह करता हूँ कि बिहार के पटना जिले को भी "काम के बदले अनाज कार्यक्रम " के अन्तर्गत लाने की व्यवस्था करें जिससे पटना जिले के ग्रामीण इलाके में भी श्रमिकों के लिए जीविकोपार्जन की समुचित सुविधा प्रदान की जाए।